हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 42.0°C
न्यूनतम 25.5°C

9 — 33 केवी 11.60 करोड़ से बना पावर हाउस शुरू



10 — बिजली- पानी की किल्लत को लेकर लोग बेहाल



# प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल पहले जिस ट्रैक का किया उद्घाटन, आज उसी पर दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

## जींद से पीएम दिखाएंगे हरी झंडी, दोपहर एक बजे पहुंचेगी सोनीपत जिले के स्टेशनों पर स्वागत और लाइव प्रसारण की तैयारियां पूरी

जिलास्तरीय कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार होंगे मुख्यातिथि, सभी विधायक, मेयर भी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से संचालित ट्रेन के परिचालन की घड़ियां समाप्त हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जींद रेलवे जंक्शन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। खास बात यह है कि करीब 10 वर्ष पहले प्रधानमंत्री ने जिस जींद-सोनीपत रेललाइन का उद्घाटन किया था, उसी ट्रैक पर अब देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन फर्राटा भरेगी। रेलवे बोर्ड के अनुसार ट्रेन सुबह 10.50 बजे जींद से रवाना होकर दोपहर 12.08 बजे गोहाना और दोपहर करीब 1 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर रेलवे प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

स्टेशन परिसर को सजाया गया है तथा सुरक्षा, यात्री सुविधाओं और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। सोनीपत रेलवे स्टेशन पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ क्षेत्र के विधायक, मेयर राजीव जैन और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर 250 से अधिक कुर्सियां लगाई गई हैं तथा बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जींद में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सोनीपत के अलावा गोहाना, लाठ और मोहाना रेलवे स्टेशनों पर भी लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा, यातायात, विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था और बसों की उपलब्धता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



सोनीपत। स्टेशन के प्रतीक्षालय कक्ष में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को लेकर लगवाई गई स्क्रीन, तैयारियां को अंतिम रूप देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



कार्यक्रम के लिए पहुंची कुर्सियां

### 600 से अधिक विद्यार्थी करेंगे यात्रा

सोनीपत जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 600 से अधिक इंजीनियरिंग विद्यार्थी गोहाना, लाठ और मोहाना रेलवे स्टेशनों से हाइड्रोजन ट्रेन में यात्रा करेंगे। इस दौरान उन्हें स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल तकनीक और हाइड्रोजन ईंधन प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) के विद्यार्थी भी मोहाना स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर सोनीपत तक यात्रा करेंगे। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह यात्रा विद्यार्थियों को भविष्य की हरित परिवहन तकनीक को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर देगी। इससे शोध, नवाचार और स्वदेशी तकनीकों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ेगी।

### जिले के मुख्य पड़ाव

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| जींद जंक्शन | - | 10:50 बजे |
| गोहाना | 12.08 बजे | 12.09 बजे |
| लाठ | 12.26 बजे | 12.27 बजे |
| मोहाना | 12.35 बजे | 12.36 बजे |
| बड़वासनी | 12.46 बजे | 12.47 बजे |
| सोनीपत | दोपहर 1:00 बजे | |

## गोहाना रेलवे जंक्शन पर चला स्वच्छता अभियान, सहकारिता मंत्री शर्मा ने लगाई झाड़ू



गोहाना। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ऐतिहासिक संचालन से पूर्व गोहाना रेलवे जंक्शन पर गुरुवार को स्वच्छता से स्वागत अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं झाड़ लगाकर अभियान की शुरुआत की और रेलवे परिसर को स्वच्छ बनाने में श्रमदान किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि का स्वागत सर्वोच्च परंपरा रही है। हम प्रतिदिन अपने घर की साफ-सफाई करते हैं, लेकिन जब कोई विशिष्ट अतिथि आने वाला होता है तो पूरे उत्साह और समर्पण के साथ घर को सजाते-संवारते हैं। 17 जुलाई को जब देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन पहली बार गोहाना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, तब यह केवल एक ट्रेन का आगमन नहीं होगा, बल्कि आधुनिक भारत के इतिहास का स्वर्णिम क्षण होगा। इसी भावना के साथ आज रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल, सचिव सुन्दर शर्मा, मार्किट कमेटी गोहाना चेयरमैन कृष्ण सैनी, डॉ. रमेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना, भूपेन्द्र मुदगिल व अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पर्स चुराकर भाग रहा युवक लोगों के हत्थे चढ़ा

सोनीपत। मुरथल चौक पर कार से मोबाइल और पर्स चोरी कर भाग रहे युवक को राहगीरों ने पीछा कर दबोच लिया। बाद में उसे मुरथल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरके कॉलोनी, मुरथल निवासी तनुज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खरीदारी के लिए मुरथल चौक आए थे। इसी दौरान एक युवक उनकी कार से मोबाइल और पर्स निकालकर भागने लगा। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने पीछा कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान गांव मुरथल निवासी शंकर उर्फ मोंटी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्यूबवेल चलाने के विवाद में कस्सी से हमला

गोहाना। गांव कथूरा में ट्यूबवेल चलाने को लेकर हुए विवाद में किसान पर कस्सी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को पहले खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज और बाद में रोहतक रेफर किया गया। फिलहाल उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। बरोदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शमशेर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे अमन ने अपने ताऊ के बेटे संजय से ट्यूबवेल चलाने की अनुमति ली थी। ट्यूबवेल चालू करने के दौरान संजय का भाई नवीन वहां पहुंचा और विवाद करने लगा। आरोप है कि उसने कस्सी से हमला कर दिया, जिससे शमशेर सिंह की दाहिनी हथेली गहराई तक कट गई। दूसरे वार से बचने के लिए उन्होंने कस्सी पकड़ ली। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली ने हेरोइन तस्करी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। आरोपितों की पहचान भूपेंद्र उर्फ हुड्डा निवासी हनुमान नगर, सोनीपत और गुलफाम पुत्र अनिश, हाल निवासी गांव जटवाड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि गुलफाम अपने किराये के कमरे के पास हेरोइन बेचने के लिए खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया। तलाशी में उसके कब्जे से 12.11 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जांच के दौरान इस मामले में भूपेंद्र उर्फ हुड्डा की संलिप्तता भी सामने आई, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के सहन नहीं किया जाएगा।

## नगर भ्रमण पर निकले जगत के नाथ



सोनीपत। सिद्धपीठ श्री बाबा धाम मंदिर की ओर से आयोजित भगवान जगन्नाथ महोत्सव के तहत गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई। फूलों से सजे भव्य रथ पर विराजमान भगवान के नगर भ्रमण के दौरान बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सोनीपत ही नहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ओडिशा के पुरी से आए ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार और करतल-ढोलक की धुन पर पूजा-अर्चना संपन्न कराई। सबसे पहले सुदर्शन भगवान का पहंडी विजय (रथारोहण) कराया गया। ...विस्तृत समाचार पेज 9 पर

## 150 टन की मशीन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

सोनीपत। राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में भारी मशीन हटाने के दौरान हुए हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर राई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के बेगूसराय जिले के बदलपुरा गांव निवासी खुशी कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सिधेश कुमार मिश्रा एचएसआईआईडीसी, राई स्थित प्लॉट नंबर-1589 पर संचालित जानू इनोवेशंस फैक्टरी में कार्यरत थे। फैक्टरी में करीब 150 टन वजनी मशीन को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा था। श्रमिकों ने मशीन हटाने के लिए क्रेन या अन्य उपयुक्त उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन प्रबंधन ने पर्याप्त व्यवस्था नहीं की।

■ फैक्ट्री प्रबंधन पर केस, क्रेन उपलब्ध कराने की मांग अनसुनी करने का आरोप, राई थाना पुलिस ने शुरू की जांच

शिकायत के अनुसार श्रमिकों से ही मशीन हटवाने के दौरान मशीन असंतुलित होकर सिधेश कुमार मिश्रा के ऊपर गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राई थाना पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। फैक्ट्री के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और संबंधित प्रबंधन से पूछताछ के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सिधेश कुमार मिश्रा की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## कूड़ा फेंकने गई महिला तालाब में डूबी, मौत

सोनीपत। गांव शाहपुर तुर्क में तालाब में डूबने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर सेक्टर-27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, 36 वर्षीय सुमित्रा सुबह घर का कूड़ा फेंकने के लिए तालाब के पास गई थीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरीं। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने तालाब की बदहाल स्थिति पर सवाल उठाए।

■ शाहपुर तुर्क में हादसा; पैर फिसलने से गहरे पानी में गिरी, ग्रामीणों ने तालाब की बदहाल स्थिति पर उठाए सवाल

### लंबे समय से नहीं हुई तालाब की सफाई

उनका कहना है कि लंबे समय से तालाब की सफाई और रखरखाव नहीं किया गया है। इससे पहले भी कई मवेशी तालाब में डूब चुके हैं, लेकिन सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए। मृतका के पति कृष्ण मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। महिला की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अपहरण कर मारपीट करने के आरोपी काबू

सोनीपत। बहालगढ़ थाना पुलिस ने कर्मचारी का अपहरण कर बंधक बनाने और लाठी-डंडों से मारपीट करने के मामले में तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान निगम उर्फ निशु, सौरभ निवासी इंदिरा कॉलोनी, बहालगढ़ और सुचित निवासी आजादपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार फर्रुखाबाद निवासी शिवम ने शिकायत दी थी कि 11 जुलाई को कंपनी के बाहर से उसका अपहरण कर दूसरी फैक्टरी में ले जाया गया। वहां उसके हाथ-पैर बांधकर कपड़े उतार दिए गए और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपितों ने घटना का वीडियो भी बनाया। मामले में पहले राजेश पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

सोनीपत। एसयूएजी सेक्टर-7 पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद की है। आरोपित की पहचान गांव बिल बिलान निवासी कुलवंत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-7 फ्लाईओवर के पास गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि एक युवक देवीलाल पार्क के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया। तलाशी में उसकी पैंट की जेब से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई।

नगर निगम की विशेष हाउस बैठक में प्रस्ताव पारित, स्थानीय नागरिकों और आरडब्ल्यूए को मिलेगा प्रतिनिधित्व

# शहर के 22 वार्डों में बनेंगी निगरानी समितियां, विकास कार्यों पर रखेंगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के समग्र विकास, जनभागीदारी और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को रेलवे रोड स्थित मेयर कार्यालय में नगर निगम की विशेष हाउस बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से नगर निगम के सभी 22 वार्डों में वार्ड निगरानी समितियों के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विधायक निखिल मदान, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त आयुक्त विजय यादव तथा सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक वार्ड में गठित होने वाली समिति में स्थानीय नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), सामाजिक प्रतिनिधियों और सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। मेयर राजीव जैन ने बताया कि प्रत्येक वार्ड समिति की मासिक बैठक संबंधित पार्षद की अध्यक्षता में होगी। इन बैठकों में वार्ड की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी तथा चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समितियां केवल विकास कार्यों की निगरानी तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता जैसे विषयों पर भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही पात्र लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग करेंगी।



## विधायक और मेयर बोले स्थानीय स्तर पर होगा समस्याओं का समाधान



विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने कहा कि वार्ड निगरानी समितियों के गठन से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। इससे नागरिकों और नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा विकास कार्य अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और गुणवत्तापूर्ण बनेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल शहर के योजनाबद्ध विकास को नई गति देगी और जनसहभागिता के साथ स्वच्छ एवं विकसित सोनीपत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।





मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'


बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली, 'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका, 'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा



दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।


'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवादः सेतु अंताणी**





• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।




सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**अगमजोत, कोंडागांव**



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। शिविर के दौरान छात्राओं को जानकारी देते अधिवक्ता।

### बालिकाओं को पॉक्सो अधिनियम की दी जानकारी

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा आर्य गर्ल्स वमावि में पॉक्सो अधिनियम-2012 पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा ने छात्राओं को बताया कि कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और दोषियों के लिए कठोर सजा का प्रावधान है। पात्रों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।


सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।

### सांस्कृतिक उत्सव के विजेता सम्मानित

**सोनीपत।** राजकीय वमावि, गढ़ी ब्राह्मण में विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 के विजेता विद्यार्थियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक उत्सव में कक्षा 5वीं से 8वीं और कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने दो वर्गों में भाग लिया। प्राध्यापिका रेखा रानी, सीमा, मीना, देवेंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


सोनीपत। प्रशिक्षण के दौरान मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एआई और एमएल टूल्स पर फैकल्टी प्रशिक्षण शुरू


**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से प्राचार्य डॉ. विशाल जैन के नेतृत्व और विभागाध्यक्ष डॉ. आकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में एआई एवं एमएल टूल्स फॉर एकेडमिक रिसर्च एंड टीचिंग विषय पर फैकल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया गया। उद्घाटन के बाद पहले तकनीकी सत्र में लर्निंग द बेसिक्स ऑफ पाइथन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। डायरेक्टर जनरल डॉ. (कर्नल) ए. गर्ग ने कहा कि एआई मशीन लर्निंग भविष्य की शिक्षा और शोध के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

# मिशन एडमिशन : आईटीआई के 22 ट्रेड में 788 सीटों पर एडमिशन के लिए 2725 युवाओं ने कराया पंजीकरण, अब दाखिले की तैयारी

- नए शैक्षणिक सत्र को लेकर जिले के 12 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रही पंजीकरण प्रक्रिया के लिए पोर्टल बंद
- संस्थानों में दाखिले को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण के साथ युवाओं ने एक साथ कई-कई ट्रेड का भी किया चयन, पहली मेरिट सूची आज होगी जारी
- कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सीटों का विवरण जारी कर 15 जुलाई तक दी थी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला लेने के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि 15 जुलाई को समाप्त हो चुकी है। सोनीपत आईटीआई की 22 ट्रेड में 788 सीटों पर दाखिला पाने के लिए 2725 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। निदेशालय के निर्देश पर आईटीआई संस्थाओं में 17 जुलाई से दाखिला प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। अब मेरिट के आधार पर युवाओं को सीटें अलॉट करने के साथ संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा। निदेशालय ने दाखिले के लिए नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है। बता दें कि निदेशालय से मिली छूट के बाद अधिकतर युवाओं ने एक साथ 2 से लेकर 7 ट्रेड का ऑनलाइन चयन किया है, ताकि वह किसी न किसी ट्रेड में अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकें। आईटीआई संस्थानों में बने


सोनीपत। राठधना रोड स्थित आईटीआई में अंतिम दिन अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवाते युवा। फोटो : हरिभूमि

हेल्प डेस्क की मदद से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया संपन्न करने के बाद अब कर्मचारी दाखिला प्रक्रिया को पूरा करवाने में जुटे हैं। उधर जून माह में पोर्टल पर ट्रेड चयन का ऑप्शन जारी नहीं होने से विद्यार्थियों में आईटीआई में दाखिले पाने के लिए असंमजस की स्थिति बनी थी। जुलाई के प्रारंभ में पोर्टल पर ट्रेड ऑप्शन आने के बाद युवाओं ने पंजीकरण करवाने में खास दिलचस्पी दिखाई है। प्रबंधकों की मानें तो पंजीकरण के आधार पर आईटीआई में निर्धारित सभी सीटें भरने का तय टारगेट पूरा होता दिख रहा है।

### आईटीआई में दाखिले का नया शेड्यूल

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया | 15 जुलाई को समाप्त |
| **पहले चरण की काउंसलिंग** | |
| पहली फाइनल मेरिट कट ऑफ जारी | 17 जुलाई |
| दस्तावेजों का सत्यापन | 17 से 21 जुलाई |
| पहली कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 17 से 22 जुलाई |
| **दूसरे चरण की काउंसलिंग** | |
| खाली सीटों पर दूसरी कट ऑफ जारी | 23 जुलाई |
| पोर्टल ऑपन फोर रीविजन ऑफ ऑप्शंस | 23 से 26 जुलाई |
| दूसरी मेरिट के आधार पर सीटें अलॉटमेंट | 28 जुलाई |
| दस्तावेजों का सत्यापन | 28 से 31 जुलाई |
| दूसरी कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 28 जुलाई से 01 अगस्त |
| **तीसरे चरण की काउंसलिंग** | |
| खाली सीटों पर तीसरी कट ऑफ जारी | 03 अगस्त |
| पोर्टल ऑपन फोर रीविजन ऑफ ऑप्शंस | 03 से 05 अगस्त |
| तीसरी मेरिट के आधार पर सीटें अलॉटमेंट | 07 अगस्त |
| दस्तावेजों का सत्यापन | 07 से 11 अगस्त |
| तीसरी कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 07 से 12 अगस्त |
| **चौथे चरण की काउंसलिंग** | |
| खाली सीटों पर चौथी कट ऑफ जारी | 14 अगस्त |
| पोर्टल ऑपन फोर रीविजन ऑफ ऑप्शंस | 14 से 16 अगस्त |
| चौथी मेरिट के आधार पर सीटें अलॉटमेंट | 18 अगस्त |
| दस्तावेजों का सत्यापन | 18 से 21 अगस्त |
| चौथी कट ऑफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 18 से 22 अगस्त |

**फीस जमा करवाकर सीट सुनिश्चित करें**

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देशानुसार आईटीआई संस्थानों में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण संपन्न हो चुकी है। सोनीपत आईटीआई में विद्यार्थियों को 788 सीटों पर पसंदीदा ट्रेड के अलावा संस्थान चुनने का अवसर भी मुहैया करवाया गया। शुक्रवार को पहली मेरिट सूची जारी करने के साथ संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। विद्यार्थियों से अपील है कि वह दाखिला पाने के लिए जल्द अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवाकर अपनी सीट सुनिश्चित करें।
-विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य, आईटीआई, सोनीपत


# भक्तों को आशीर्वाद देने भाई व बहन के साथ नगर भ्रमण पर निकले जगत के नाथ

## भगवान जगन्नाथ महोत्सव :नासिक ढोल ने धार्मिक धुनों से सोनीपत नगरी को बनाया धर्ममय

- सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर से पुरी की तर्ज पर निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, ओडिशा के ब्राह्मणों ने दोपहर तक पुरी की तर्ज पर निभाई रस्में, करतल ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चारण से करवाई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ, बैंड-बाजों की धुनों, ढोल-नगाड़ों व जयकारों की गूंज के साथ फूल बंगलेनुमा रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले। सोनीपत के सिद्धपीठ श्री बाबा धाम मंदिर की ओर से भगवान जगन्नाथ महोत्सव के तहत वीरवार को शहरभर रथयात्रा निकाली। रथयात्रा में जगत के नाथ ने अपनी दिव्य दृष्टि से शहरवासियों को आशीर्वाद दिया। रथयात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर ही नहीं, बल्कि विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालुओं ने पांडव नगरी पहुंचकर संपूर्ण जगत के नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। ओडिशा के पुरी से ब्राह्मणों ने करतल ध्वनि व ढोलक की धुन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की पूजा-अर्चना करवाई। पुरी के ब्राह्मणों ने बाबा धाम में मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के साथ सर्वप्रथम सुदर्शन जी का पहंडी विजय (रथ पर विराजमान) करवाया। फिर उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को रथ पर विराजमान किया गया। बाद में जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ करतल व ढोलक ध्वनि के साथ रथ पर विराजमान हुए। इससे पहले मंदिर परिसर में अलसुबह से लेकर दोपहर तक मंगला आरती, तुलसी पूजन, श्रृंगार दर्शन, सूर्य पूजा, द्वारपाल पूजा, रथ संस्कार व खिचड़ी भोग की रस्म निभाई गई। रथ पर विराजमान होने के पश्चात कोलकाता व वृंदावन के फूलों से भगवान का श्रृंगार किया गया। सेवादारों व ब्राह्मणों ने भगवान के रथ को रंग-बिरंगी लाइटों व सुगंधित फूलों से सजाया। इसके बाद भगवान को छप्पन तरह का भोग लगाकर रथयात्रा को प्रारंभ किया गया। विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, बाबा धाम के संस्थापक राकेश कुच्छल ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। इस बार भगवान जगन्नाथ के रथ के आगे झाड़ू लगाकर सफाई करने की नई व्यवस्था की गई। विधायक व मेयर श्रद्धालुओं के साथ झाड़ू सेवा करते नजर आए।



सोनीपत। बाबा धाम मंदिर में रस्सों के बाद भगवान जगन्नाथ को बाहर लाते श्रद्धालु तथा सोनीपत के कामी रोड पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### मॉरिशियस की टीम व श्रद्धालुओं ने किया गुणगान

श्रद्धालुओं के साथ मॉरिशियस से आई 20 लोगों की टीम ने रथ के आगे श्रद्धालुओं का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के रथ को रस्सों से खींचकर जगत के नाथ से सभी के जीवन में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। शहरभर में सामाजिक संस्थाओं व श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रथयात्रा का स्वागत कर भगवान जगन्नाथ का दीदार किया।

### धार्मिक धुनों से सोनीपत नगरी को बनाया भक्तिमय

हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली के बैंड-बाजों, शहनाई वादकों, राजस्थान के अलवर से नासिक ढोल ने धार्मिक धुनों से सोनीपत नगरी को भक्तिमय बनाया। रथयात्रा में फूलों की महक के बीच श्रद्धालु भजनों पर भक्ति के रस में डुबकी लगाते नजर आए। रथयात्रा में शहरवासियों के साथ ओडिशा के पुरी, वृंदावन, दिल्ली व देशभर के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। रथयात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली से मंगवाई गई अलग-अलग झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में पुरी के कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में रीति-रिवाज से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### इन मार्गों पर जगन्नाथ ने दिए दिव्य दर्शन

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा रथ पूजन के बाद सिद्धपीठ श्री बाबा धाम से प्रारंभ हुई। इसके बाद रथयात्रा जटवाड़ा, पुरखास अड्डा, दयाल चौक, गीता भवन, बस अड्डा, मुरथल अड्डा चौक व सब्जी मंडी रोड होते हुए वापस बाबा धाम पहुंची। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगत के नाथ के दिव्य दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना की। रात को रथयात्रा संपन्न होने के पश्चात मंदिर परिसर में भंडारा लगाया गया।

## न्यूज डायरी


सोनीपत। संघ के पदाधिकारी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एसएमसी संबोधन का अध्यापक संघ ने किया विरोध

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान नरेंद्र चहल, राज्य सचिव जोगिंदर सिंह, जिला सचिव दिनेश छिक्कारा, कैशियर रोहतास गंगाना, वरिष्ठ उपप्रधान सुनीता कुंड, जिला कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप सिंह तथा कार्यालय सचिव रोहतास चहल ने 19 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश के दिन मुख्यमंत्री के प्रस्तावित ऑनलाइन एसएमसी संबोधन पर आपत्ति जताई। नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक अवकाश के दिन इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना उचित नहीं है और इससे अवकाशों में कटौती की आशंका पैदा होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों पर लगातार गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ बढ़ाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है।


खरखौदा। आयोजन संबंधी दिशा निर्देश देते एसडीएम अमित कुमार। फोटो : हरिभूमि

### कन्या कॉलेज में 26 को लगेगा अंत्योदय मेला

**खरखौदा।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत 26 जुलाई को कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। उप मंडल अधिकारी कार्यालय में मेले को लेकर एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम अमित ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-2.0 का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेले के माध्यम से पात्र परिवारों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी, पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों का मार्गदर्शन तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचे प्रशासन, बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।


खरखौदा। जन समस्याएं सुनते एसडीएम अमित भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

### शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

**खरखौदा।** लघु सचिवालय खरखौदा में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता एसडीएम अमित भारद्वाज ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से अवलोकन करते हुए उसका नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर के दौरान थाना कला गांव से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें प्लॉट पर कब्जा दिलवाने की मांग की गई थी। दोनों शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई के लिए बीडीपीओ खरखोदा को प्रेषित करते हुए नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त वार्ड नंबर 12-13, खरखोदा स्थित ब्राह्मण दरवाजे से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें पिछले लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण राहगीरों एवं पैदल चलने वाले लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया।

# गन्नौर: 11.60 करोड़ से बना पावर हाउस प्रारंभ

- 4 गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को राहत, मिलेगी निर्बाध बिजली
- बिजली व्यवस्था मजबूत करने को दो और पावर हाउस जल्द होंगे शुरू : कादियान

हरिभूमि न्यूज ⏩ गन्नौर


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान बजाना कलां-दुभेटा रोड पर 33 केवी सब स्टेशन का उद्घाटन करते हुए।

बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में गन्नौर विधानसभा क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। बजाना कलां-दुभेटा रोड पर करीब ढाई एकड़ भूमि में 11.60 करोड़ रुपए की लागत से बने 33 केवी सब स्टेशन का गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने उद्घाटन किया। नए सब स्टेशन के चालू होने से बजाना कलां, बजाना खुर्द, तेवड़ी और पुगथला गांव सहित आसपास के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। साथ ही सरढाना और मोई सब स्टेशनों पर वर्षों से बना अतिरिक्त लोड भी कम होगा। उद्घाटन समारोह में ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि गर्मियों के दौरान बढ़ते बिजली लोड के कारण ओवरलोडिंग, फाल्ट, केबल जलने और अघोषित कटौती जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं।

# पूर्व प्राचार्य के खिलाफ डीईओ को शिकायत भेजी

- पूर्व प्राचार्य ने फर्जी डिग्री के इस्तेमाल किया : राजबीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ गोहाना

गांव बरोदा स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए वर्तमान स्कूल इंचार्ज और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को शिकायत भेजी गई है। बरोदा स्कूल में पूर्व में कार्यरत और वर्तमान में गन्नौर के सनपेड़ा के राजकीय स्कूल में सेवारत शिक्षक राजबीर ने आरोप लगाया कि पूर्व प्राचार्य ने फर्जी डिग्री के इस्तेमाल किया।

### डिग्री को विवि ने फर्जी घोषित किया

आरोप है कि पूर्व प्राचार्य नियम सात के तहत विभागीय कार्रवाई लंबित है। शिक्षक ने स्कूल के डिजिटल डोंगल और रिकार्ड के दुरुपयोग की आशंका जताते तुरंत कार्रवाई की मांग की। शिक्षक राजबीर सिंह ने अधिकारियों के पास दस्तावेज भेजकर आरोप लगाए कि राजेंद्र सिंह की मगध विश्वविद्यालय की डिग्री को विश्वविद्यालय की तरफ से फर्जी घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद उन्होंने लंबे समय तक सरकारी सेवा की। आरोप है कि पूर्व प्राचार्य के खिलाफ नियम सात के तहत विभागीय कार्रवाई चल रही है और अतिरिक्त मुख्य सचिव (शिक्षा) स्तर पर मामले की जांच हो रही है। राजबीर सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय में विद्यार्थियों से नियमों के विपरीत कूलिंग चार्ज के नाम पर राशि वसूली गई। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी संबंधित पूर्व प्राचार्य स्कूल के डिजिटल सिस्टम और अभिलेखों का उपयोग कर सकता है जिससे रिकार्ड से छेड़छाड़ की संभावना है। इसी आधार पर वर्तमान स्कूल प्रबंधन और डीईओ से मांग की गई है कि पूर्व प्राचार्य की स्कूल के डिजिटल डोंगल, ई-आफिस, ई-सैलरी, ट्रेजरी लागिन सहित किसी भी सरकारी पोर्टल तक पहुंच तत्काल समाप्त की जाए। स

**निरीक्षण** एसडीएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का गोहाना स्टेशन पर किया जाएगा भव्य स्वागत

भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के गोहाना आगमन की तैयारियां समय पर पूरी करें अधिकारी : अंकित कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गोहाना

एसडीएम अंकित कुमार ने 17 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के गोहाना रेलवे स्टेशन पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वागत कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि गोहाना रेलवे स्टेशन पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि पेयजल, टेंट, टेबल, साउंड सिस्टम, एलईडी स्क्रीन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं, जिससे ट्रेन के स्वागत के लिए आने वाले गणमान्य व्यक्तियों, यात्रियों तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि जींद से सोनीपत के लिए संचालित होने वाली भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का गोहाना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए।


गोहाना। रेलवे स्टेशन पर तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम।

### हाइड्रोजन ट्रेन में सफर करेंगे डीसीआरयूएसटी के विद्यार्थी



सोनीपत। मोहाना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए कुलपति।

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के विद्यार्थियों को देश की अत्याधुनिक हाइड्रोजन ट्रेन में सफर करने का अवसर मिलेगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने मोहाना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। विद्यार्थी जींद से संचालित हाइड्रोजन ट्रेन में मोहाना रेलवे स्टेशन से सवार होकर सोनीपत तक यात्रा करेंगे। कुलपति ने कहा कि यह यात्रा विद्यार्थियों को स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल तकनीक को नजदीक से समझने और नई तकनीक से जुड़ने का अवसर देगी। उन्होंने बताया कि हाइड्रोजन ट्रेन डीजल के बजाय हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलती है, जिससे बिजली बनती है। इसके संचालन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य हानिकारक गैसों का उत्सर्जन नहीं होता, बल्कि केवल जलवाष्प और पानी निकलता है।

### 17 व 18 को सिसाना में लगेगा स्वास्थ्य जांच कैंप

**खरखौदा।** समाजसेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से गौरव सम्मान से सम्मानित एवं दहिया खाप से संबंधित रोहतास सिंह दहिया के नेतृत्व एवं पहल पर 17 व 18 जुलाई को ब्रह्मार्थ धाम खाटू श्याम मंदिर, सिसाना में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। संयोजक रोहतास सिंह दहिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने गांव में उपलब्ध कराने तथा गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रोहतास सिंह दहिया ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य, विशेषकर महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को इस स्वास्थ्य शिविर में अवश्य लेकर आएं, ताकि समय रहते स्वास्थ्य जाँच कराकर आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया जा सके।


सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### जनसेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने गुरुवार को लघु सचिवालय में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसेवाओं एवं सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस, सीएफएमएस और एचआरएमएस पोर्टलों को नियमित अपडेट रखने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा में ऑनलाइन रजिस्ट्री, तकसीम और इंतकाल मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। कृषि विभाग को प्रत्येक पात्र किसान की किसान आईडी बनाने के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### जैनसंस ज्वेलर्स के संचालक ने दिग्विजय सिंह को भेजा एक लाख इकतीस हजार का डिमांड ड्राफ्ट

**सोनीपत।** जैनसंस रोड स्थित जैनसंस ज्वेलर्स के संचालक बसंत जैन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को एक लाख इकतीस हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट भेजा है। हाल ही में दिग्विजय सिंह द्वारा वित्तीय कुप्रबंधन के आरोपों का हवाला देते श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से अपनी एक लाख दस हजार रुपये की दान राशि वापस मांगने की बात सामने आई थी। इस बयान से आहत होकर सोनीपत के सनातन धर्मावलंबी और व्यवसायी बसंत जैन ने व्यक्तिगत तौर पर इस राशि को ब्याज समेत लौटाने का निर्णय लिया। बसंत जैन ने एक पत्र जारी कर कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और परंपराओं को बनाए रखने के लिए पूर्वजों और संतों ने असीम पीड़ा सहन की है।

## खबर संक्षेप

### लोहे के पाइप से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना पुलिस ने लोहे की पाइप से जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सतबीर उर्फ स्याणा और सन्नी निवासी गांव लहराड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सतनारायण ने शिकायत दी थी कि खेत में पुरानी रंजिश के चलते सतबीर ने ट्रैक्टर से उसे टक्कर मारने का प्रयास किया। इसके बाद सन्नी और अन्य लोग कार से मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि सन्नी ने लोहे की पाइप से सतनारायण के बेटे के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### जोगेंद्र नारंग के नेत्र दो लोगों को देंगे रोशनी

**सोनीपत।** महात्मा आशा नन्द वधवा हिन्दू मंच के पदाधिकारियों और समाजसेवियों के संयुक्त प्रयास से एक सराहनीय कार्य संपन्न हुआ है। मोहल्ला कोट के रहने वाले जोगेंद्र नारंग उर्फ खैरैती नारंग के मरणोपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान का फैसला लिया। इस पुनीत कार्य के लिए उनके पुत्र गौरव नारंग ने अपनी लिखित स्वीकृति प्रदान की, जिसके बाद जोगेंद्र नारंग के नेत्र अमर हो गए।। इस भावुक और प्रेरणादायक क्षण के दौरान पुष्पा नारंग, तरुण नारंग और परिवार के अन्य सदस्य वहां उपस्थित रहे। इस नेक काम को सफल बनाने में संस्था के प्रधान हरिचंद स्नेही, महासचिव हर भगवान रहेजा, समाजसेवी हरीश जौहर और केसर दास नारंग का विशेष योगदान और संयुक्त प्रयास रहा।

## शहर में बिजली-पानी में चल रहा आंख मिचौली का खेल, लोग हुए परेशान

# मोटर खराब होने से भगत सिंह कॉलोनी में रात आठ बजे तक नहीं आया पानी

**बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए करीब डेढ़ माह से मचा हाहाकार शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। जनप्रतिनिधियों के प्रयास के बावजूद अधिकारियों का मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं पर कोई नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। यही कारण है कि शहर से लोगों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम कार्यालय पर कई बार प्रदर्शन, ताला बंदी, जनप्रतिनिधियों के घेराव, अधिकारियों की क्लास लगने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं है। यही कारण रहा कि वीरवार को करीब आधा दर्जनभर कॉलोनियों में बिजली-पानी व्यवस्था के बीच दिनभर आंख मिचौली का खेल चलता रहा। जिसका खामियाजा सीधे तौर पर लोगों को झेलना पड़ा। उमस गर्मी के चलते शहर ही नहीं, ग्रामीण अंचल में भी इन दिनों बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। दिन-रात एसी, कूलर, पंखों का सहारा लेने के कारण रोजाना 1.80 करोड़ यूनिट तक बिजली खपत का आकड़ा पहुंच चुका है। ऐसे में लगातार बढ़ रहे बिजली लोड के कारण जगह-जगह फाल्ट संबंधी समस्याएं भी पनपने से लोगों को घंटों तक बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वीरवार को लाइट में फॉल्ट आने के कारण सुबह से दोपहर तक बाबा कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, कालूपुर चुंगी क्षेत्र, धर्म नगर, भगत सिंह कॉलोनी में दोपहर तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। स्थिति यह बनी रही कि पेयजल मिला, तो बिजली आपूर्ति कट लग गया। अगर बिजली आई, तो पेयजल आपूर्ति नहीं की गई। उक्त समस्याओं ने दोनों विभागों की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाया। आधा दिन इंतजार के बाद लाइन पार क्षेत्र में 2 बजे पत्थर वाली गली में पेयजल आपूर्ति हुई, तो बिजली जाने से सप्लाई बंद हो गई। गढ़ी घसीटा, विजय नगर में 2 बजे पानी आया, तो 2:30 बजे बिजली चली गई।



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में दूषित पेयजल की बोतल लेकर पहुंची महावीर कॉलोनी की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### ननि कार्यालय में महावीर कॉलोनी की महिलाएं दूषित पेयजल लाकर बोलीं, साहब आप यह पीकर दिखाओ

पुरखास अड्डा स्थित महावीर कॉलोनी में लगातार कई दिन से दूषित पेयजल की आपूर्ति होने से लोगों के समक्ष परेशानी खड़ी है। कॉलोनी वासी महिलाओं के सब्र का बांध वीरवार को टूटने पर वह दूषित पानी की बोतल लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने अधिकारियों के कार्यालय के बाहर खड़े होकर गुहार लगाई कि साहब आप यह पानी पीकर दिखाओ। महिलाओं ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि महावीर कॉलोनी में कई दिन से दूषित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इससे उनके दिनचर्या के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को बाजार से पानी के कैंपर, बोतलों पर निर्भर होना पड़ रहा है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के समक्ष पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। अधिकारियों का उनकी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं है।



### बिजली कटो से परेशान कॉलोनीवासियों का प्रदर्शन

सोनीपत। लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान मयूर विहार, गढ़ी ब्राह्मण, देवीलाल कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी और इंडियन कॉलोनी के निवासियों ने बुधवार को गढ़ी ब्राह्मण पावर हाउस के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार बिजली कट रही है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बिजली निगम के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं की गई तो वे गुरुवार को बिजली कार्यालय पर ताला लगाएंगे और बिजली बिल का भुगतान भी नहीं करेंगे। उन्होंने निगम प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारकर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

### रातभर बिजली संकट से बेहाल रहा शहर



गन्नौर। शहर में बुधवार रात बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई कालोनियों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही, जबकि जिन क्षेत्रों में बिजली आई भी वहां लो वोल्टेज के कारण पंखे और कूलर ठीक से नहीं चल सके। उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। रातभर लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे और कई परिवारों को घरों की छतों व बाहर टहलकर समय बिताना पड़ा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि रात के समय बार-बार बिजली कट लगते रहे। कई जगह लंबे समय तक आपूर्ति बंद रही, जबकि कुछ इलाकों में वोल्टेज इतना कम था कि पंखे बेहद धीमी गति से चलते रहे। इससे लोगों की नींद भी प्रभावित हुई। एक्सईएन प्रवीण गोयल ने बताया कि प्रदेश में बढ़े बिजली भार के कारण बिजली तंत्र पर दबाव है। ट्रांसफार्मरों और उपकरणों की सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार कुछ समय के बिजली कट लगाए जा रहे हैं। विभाग की टीमें लगातार आपूर्ति सुचारु रखने और जल्द से जल्द सामान्य व्यवस्था बहाल करने में जुटी हैं। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज डायरी



सोनीपत। खजाना कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचीं उपायुक्त।

### खजाना कार्यालय उपायुक्त का औचक निरीक्षण

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने गुरुवार को जिला खजाना कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, वित्तीय अभिलेखों के रखरखाव और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने डबल लॉक व्यवस्था, महत्वपूर्ण अभिलेखों की सुरक्षा और एंट्री रजिस्टर का मिलान कर रिकॉर्ड की जांच की। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां नियमानुसार और समय पर दर्ज हों तथा वित्तीय अभिलेखों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों से नियमित निगरानी, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कैमरे लगाने और उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डायरी-डिस्पैच रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच करते हुए उन्होंने रिकॉर्ड को नियमित रूप से अद्यतन रखने पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि खजाना कार्यालय शासन की वित्तीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और सतर्कता से कार्य करें। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा और पारदर्शी कार्यप्रणाली पर भी बल दिया।

निरीक्षण के समय जिला खजाना अधिकारी संजीव कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



गोहाना। मौन धारण किए हुए शिक्षक और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### दो मिनट मौन धारण कर डॉ. आदित्य को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में गुरुवार को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षक और विद्यार्थियों ने 2 मिनट का मौन धारण करके रोहतक के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बतरा को श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि डॉ. आदित्य बतरा का हृदय गति रूकने से अकस्मात निधन हो गया। वे केवल एक चिकित्सक ही नहीं अपितु प्रसिद्ध समाजसेवी भी थे। समाज उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में दो मिनट का मौन धारण करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।



गोहाना। कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र देते हुए।

### 2100 बेटियों को दी जाएगी निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा

**गोहाना।** पंजाबी सेवा संगठन गोहाना द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए अभियान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों की 2100 बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा एवं उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के सानिध्य में 26 मार्च 2026 को यह सेवा शुरू की गई थी।

अध्यक्ष सुमित कक्कड़ के अनुसार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रेरित होकर पंजाबी सेवा संगठन द्वारा आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। इसके लिए संगठन द्वारा 2100 बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा सेवा शुरू की गई। इस सेवा के पहले चरण में 200 बेटियां कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। बेटियों की सुविधा के लिए संगठन द्वारा कालेज मोड स्थित संगठन कार्यालय में 5 मई तक रजिस्ट्रेशन किए गए और 25 कम्यूटर लैब स्थापित की गई। संगठन द्वारा 10 मई से इस सेवा के पहले चरण की शुरूआत की गई। समाजहित में इस उल्लेखनीय कार्य को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगठन को शुभकामना संदेश भेजा।



### स्वच्छता से ही विकसित और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : कृष्णा

**राई।** स्वच्छता पखवाड़े के तहत गुरुवार को राई गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए स्वयं सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपने घर, गली और आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालें तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जाखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सोनिया मोर, अंजलि बजाज, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, पार्षद कुणाल कौशिक आदि रहे।



गन्नौर। आहुलाना में रजवाहे की पटरी टूटने से जमीन में घुसता रजवाहे का पानी।

### रजवाहे की पटरी टूटी, पंचायती जमीन जलमग्न

**गन्नौर।** गांव आहुलाना में दिल्ली पैरलल नहर की शाखा से निकले रजवाहे की पटरी टूटने से पंचायती जमीन और किसानों की धान की फसल में पानी भर गया। तेज बहाव के कारण पंचायती जमीन में करीब तीन फीट से अधिक पानी जमा हो गया, जबकि साथ लगते खेत में करीब डेढ़ एकड़ धान की फसल भी जलमग्न हो गई। किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि किसानों ने पहले अपने स्तर पर मिट्टी डालकर टूटी पटरी को बांधने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद तेज बहाव के कारण पटरी फिर टूट गई। इसके बाद मामले की सूचना पानीपत नहरी विभाग को दी गई। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद विभाग के अधिकारी काफी समय तक मौके पर नहीं पहुंचे। इस दौरान नुकसान बढ़ने से रोकने के लिए रजवाहे में पानी बंद करवा दिया गया। बाद में नहरी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी व कर्मचारियों की मदद से टूटी पटरी की मरम्मत का कार्य शुरू कराया।

### पुलिस-व्यापारियों की हर माह होगी संवाद बैठक



**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त सिटी-2 निधि नैन ने सिटी थाना परिसर में व्यापारियों के साथ संवाद बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य पुलिस और व्यापारियों के बीच विश्वास, सहयोग और बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना रहा। बैठक में सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। व्यापारियों की ओर से जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान रामनारायण गोयल, शहरी कार्यकारी प्रधान पवन तनेजा, प्रवीण वर्मा, किरयाना एसोसिएशन के नवीन गर्ग, विनोद गुप्ता, जतिन डेंबला आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

# एनएच-44 पर फिर सक्रिय झपटमार, टायर पंचर का झांसा देकर महिला का बैग छीनने से अफरातफरी

- पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपितों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुंडली क्षेत्र में टायर खराब होने का झांसा देकर वाहन सवारों को निशाना बनाने वाले झपटमार एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। बुधवार रात प्रीतमपुर के पास बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार दंपती को टायर पंचर होने का संकेत देकर रुकवाया और महिला का बैग छीनकर फरार हो गए। बाद में बदमाश बैग और मोबाइल फोन कुछ दूरी पर फेंक गए, लेकिन उसमें रखे सोने के आभूषण और नकदी लेकर भाग निकले। कुंडली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम के सेक्टर-38 निवासी सोहन लाल कौशिक ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी ममता कौशिक के साथ मुरथल में भोजन करने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। प्रीतमपुर के पास दो अलग-अलग बाइक सवार युवकों ने उनकी कार के टायर की ओर इशारा किया। संदेह होने पर उन्होंने वाहन रोककर टायर की जांच की। इसी दौरान एक युवक उनकी पत्नी के हाथ से बैग छीनकर साथी के साथ बाइक पर गलत दिशा में फरार हो गया। पीछा करने के बावजूद बदमाश हाथ नहीं आए। बाद में बैग और मोबाइल बरामद हुए, लेकिन दो जोड़ी सोने के बुंदे, नाक की नथ, नाक की पिन और 10 से 12 हजार रुपये नकद गायब मिले। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और झपटमारों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### तीन सप्ताह में पांचवीं वारदात

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन सप्ताह में एनएच-44 पर टायर खराब होने का झांसा देकर झपटमारी की यह पांचवीं वारदात है, जिससे हाईवे पर सफर करने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है। बताते चलें कि 10 जुलाई को कुमासपुर के पास पानीपत के समालखा की रोहिणी का पर्स छीना। विरोध करने पर गोली मारने की धमकी दी। 9 जुलाई की रात गांव प्रीतमपुरा के पास ही पंजाब के जीरकपुर निवासी कारोबारी शशि भूषण की कार रुकवा उनकी पत्नी का 1.50 लाख रुपये नकदी, चार तोले सोने के आभूषण और अन्य सामान से भरा बैग छीना। 29 जून की रात अंबाला के रानीबाग की सुमन जैन से एक लाख रुपये व सामान छीना था। 23 जून को कुरुक्षेत्र के सेक्टर-7 निवासी पंचायती राज विभाग से सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) रामशरण की पत्नी का नकदी से भरा पर्स छीना था।

### 'ठक-ठक गैंग' पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने अलर्ट

सोनीपत। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सक्रिय 'ठक-ठक गैंग' पर शिकंजा कसने के लिए सोनीपत पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) मेधा भूषण ने बताया कि हाईवे पर विशेष टीमें गठित कर गश्त बढ़ा दी गई है। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। यह गैंग वाहन चालक का ध्यान भटकाकर नकदी, मोबाइल, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी कर भाग जाता है। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत 112 या नजदीकी थाने में देने की अपील की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा अपराधियों की गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को पुलिस आयुक्त की ओर से 50 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

## बीपीएड की संयुक्त मेरिट में टीका राम गर्ल्स कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की बीपीएड छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की मई-2025 की संयुक्त मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रा नेहा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की कुल 16 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 मेरिट सूची में स्थान बनाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) उषा दहिया ने सभी सफल छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन मान ने बताया कि प्रियंका शरीन ने दूसरा, आँचल ने तीसरा, रचना शर्मा ने चौथा, करिश्मा ने पांचवां, भावना ने छठा, हिमांशी ने सातवां, शिवानी ने आठवां, वर्षा ने नौवां, तनु लाठर और भारती ने संयुक्त रूप से दसवां, वर्षा ने ग्यारहवां तथा नेहा, आरती, शहनाज परवीन, कुसुम, नंदिनी, रिया और मीनू ने टॉप-20 में स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने विभाग के शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।



## सेपक टकरा खिलाड़ी हर्ष सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में दिखाएगा अपना जलवा

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के होनहार सेपक टकरा खिलाड़ी हर्ष का चयन हरियाणा के लड़कों की सब जूनियर सेपक टकरा टीम में किया गया है। दसवीं कक्षा का छात्र हर्ष आगामी 6 से 10 सितंबर तक जम्मू कश्मीर में होने वाले सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। हरियाणा की सब जूनियर सेपक टकरा टीम में चयन होने पर स्कूल में उसका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने हर्ष को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। हर्ष के पिता पंकज शर्मा व माता पूनम रानी ने भी अपने लाडले की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस मौके पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने हर्ष को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



सोनीपत। चयनित खिलाड़ी हर्ष ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

## नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड करवाने की दी सलाह

# स्वास्थ्य सेवाओं के लाख दावों के बीच भी मरीज हो रहे परेशान

**महिला ने अस्पताल प्रबंधन की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल व्यवस्था खत्म नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग भले ही सुविधाओं में सुधार के लाख दावे करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत मरीजों की बढ़ती परेशानियों के रूप में सामने आ रही है। वीरवार को एक घटना फिर से नागरिक अस्पताल की अव्यवस्थाओं की पोल खोलती नजर आई। इमरजेंसी में भर्ती मरीज को समय पर अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं मिलने से अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते नजर आए। बता दें कि एक महिला वीरवार को अपनी बेटी प्रीति को पेट में तेज दर्द होने की शिकायत के साथ इलाज होने का विश्वास लेकर नागरिक अस्पताल पहुंची। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे तुरंत आपातकालीन कक्ष में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। उपचार के बाद कुछ समय बाद युवती की तबीयत में सुधार नजर आया, तो वह ओपीडी में दवाई लेने पहुंची, लेकिन अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई और वह अस्पताल परिसर में ही चक्कर खाकर गिर पड़ी। इसके बाद उसे दोबारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। पीड़ित की मां ने बताया कि चिकित्सकों ने जांच के दौरान तत्काल अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह देते हुए पर्ची पर लिखकर दिया, लेकिन जब वह अल्ट्रासाउंड कक्ष पहुंची, तो पहले उसे वापस भेज दिया गया। दोबारा पहुंचने पर कर्मचारियों ने 23 जुलाई की तारीख देकर दोबारा आने की बात कही। महिला ने बताया कि जब डॉक्टर ने तत्काल अल्ट्रासाउंड कराने के निर्देश दिए हैं, तो फिर एक सप्ताह बाद की तारीख देने का कोई औचित्य नहीं है। यदि इस बीच उसकी बेटी की तबीयत और बिगड़ जाती है या कोई गंभीर बीमारी सामने आती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? महिला ने बताया कि जब वह अपनी शिकायत लेकर सिविल सर्जन कार्यालय भी पहुंची थी, लेकिन सिविल सर्जन बैठक में होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल परिसर में चक्कर खाकर गिरी मरीज प्रीति को संभालते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### मामले की जानकारी ली जाएगी

अस्पताल में इलाज के लिए आई महिला के बेहोश होने का मामला संज्ञान में नहीं आया है। बिना जानकारी मामले में कुछ नहीं बता सकते। वैसे भी मरीज को अल्ट्रासाउंड के लिए परामर्श देना, तारीख देना चिकित्सक की जांच पर निर्भर हैं। जो चिकित्सक इलाज के लिए आई महिला का इलाज कर रहे हैं, वहीं मामले के बारे में बता सकते हैं। अगर महिला को जरूरत के बाद भी अल्ट्रासाउंड के लिए आगे 23 तारीख दी गई है, तो आप महिला की पर्ची दिखाएं। संबंधी चिकित्सक व कर्मचारी से जानकारी ली जाएगी।

**-डॉ. प्रवीन, मीडिया कोर्डिनेटर, नागरिक अस्पताल, सोनीपत**